Annual Report

# Govt. College for Women Gohana

Presented By:
Sh. Dinesh Singh
Principal, GCW Gohana

Session 2020-21

# वार्षिक प्रतिवेदन

## विवरण : राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना (सोनीपत)

इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1966 में "Haryana War Heroes Memorial College" के रूप में हुई। 12 फरवरी 1981 को हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का अधिग्रहण किया। 2009–10 से महाविद्यालय में एम0 कॉम0 कक्षाएँ प्रारंभ होने से महाविद्यालय को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा मिला। शैक्षणिक सत्र 2017–18 से इस महाविद्यालय को सरकार ने केवल लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया अतः महाविद्यालय का नाम 'राजकीय महिला महाविद्यालय' हो गया। यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा की इच्छुक, ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को उत्तम एवं उपयोगी अवसर प्रदान कर रहा है। यह गोहाना उपमण्डल के लिए गौरव की बात है।

### महाविद्यालय परिवार :

इस सत्र में महाविद्यालय में कुल 2030 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकाय है। यहां शिक्षकों के 54 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 40 नियमित, 1 अतिथि और 22 एक्सटैंशन प्राध्यापक कार्यरत हैं। नियमित शिक्षकों में से 9 एसोसिएट प्रोफैसर एवं 31 असिटैन्ट प्रोफैसर है। कर्मचारी वर्ग में 2 उप–अधीक्षक, 1 स्टैनो टाईपिस्ट, 4 लिपिक, 2 जे0एल0ए0, 9 एल0ए0, 2 रैस्टोरर, 3 सुख–सहायक, 2 माली, 3 चौकीदार एवं 3 सफाई कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत हैं।

### पुस्तकालय एवं वाचनालय :

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा, बुद्धिजीवियों की प्रयोगशाला व ज्ञान सरिता का उदगम स्थल है शिक्षा जगत में ज्ञानवर्धन हेतू हमारे पुस्तकालय में 13366 [redacted] पुस्तकों का संग्रह है। हमारा पुस्तकालय पूर्णतः कम्पयूटरीकृत हैं तथा पुस्तकों का आदान–प्रदान भी कम्प्यूटर से किया जाता है।

पुस्तकालय के वाचनालय में 120 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा है। हमारे वाचनालय में हिन्दी एवं अंग्रेजी के 10 समाचार पत्र 15 पत्रिकाएं आते है, जिसमें विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर से जुड़े रहने में सहयोग प्राप्त होता है। रोजगार समाचार–पत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यम से प्रति सप्ताह आता है। सत्र 2020–21 में पुस्तकालय के लिए 5,50,000 रूपए ग्रांट प्राप्त हुई है जिसमें से 1,25,000 रूपए की पुस्तकें खरीदी गई है शेष 4,25,000 में से दो ए0 सी0 व एक फोटोस्टेट मशीन और फर्नीचर खरीदा गया है।

**विज्ञान प्रर्दशनी :**

महाविद्यालय में 12.01.2021 को पाँच विभिन्न विषयों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। भौतिकी विभाग ने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया और इस विभाग ने दिनांक 23.01.2021 को पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित जोनल लेवल विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। 26.02.2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**क्रीड़ा जगत :**

महाविद्यालय में इस समय शारीरिक शिक्षा का कोई भी प्राध्यापक न होने के कारण यह जिम्मेदारी श्री देवेन्द्र मलिक, सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान) के पास थी। महाविद्यालय में खेल का मैदान न होते हुए भी हर वर्ष की तरह वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 22 जनवरी, 2021 को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता करवाई गई जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, एस0 डी0 एम0, गोहाना श्री आशिष वशिष्ठ ने किया और समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ0 एल0 एस0 टौंक, मुख्य अतिथि रहे। सरकार की तरफ से 1,39,000/– रूपए की ग्रांट प्राप्त हुई जिससे खेल प्रतियोगिता करवाई गई और खेलों का सामान खरीदा गया।

Writing Competition का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## कम्पयूटर विभाग

कम्पयूटर विभाग के अन्तर्गत B.Sc. कम्पयूटर साईस का कोर्स चलाया जा रहा है। विभाग में 4 प्रध्यापक और 2 अनुदेशक है। महाविद्यालय में 3 कम्पयूटर लैब है, जिनमें 53 कम्पयूटर, 3 प्रिंटर व 3 प्रोजेक्टर हैं। लैब में सभी कम्पयूटर नेटवक्रिंग से जुडे है तथा सभी लैब में इंटरनेट की सविधा है प्रोजेक्टर के द्वारा छात्राओं को प्रेजन्टेशन के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। दिनांक 28.08.2020 को गूगल क्लास रूम और गूगल मीट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया व दिनांक 01.03.2021 पावर पॉइंट प्रेजन्टेशन का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना :

राजकीय महाविद्यालय में एन0 एस0 एस0 की दो यूनिट है। यूनिट प्रथम की इंचार्ज श्रीमती प्रियंका मलिक सहायक प्राध्यापिका (वाणिज्य विभाग) और यूनिट द्वितीय की इंचार्ज श्रीमती नीरज दहिया है। दिनांक 15–21 फरवरी 2021 तक बड़ौता गॉव में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ऑनलाईन शिक्षा के प्रति जागरूक करना एवं कैशलैस लेनदेन को बढ़ावा देना रहा। इस शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली पर एक व्याख्यान करवाया गया। छात्राओं में कानून की जानकारी को बढ़ावा देने के लिए भी एक व्याख्यान करवाया गया। गॉव में भ्रूण हत्या के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया।

## एन0सी0सी0 :

महाविद्यालय में इस समय NCC की एक यूनिट है जिसकी प्रभारी श्रीमती अर्चना देवी (हिन्दी) है। महाविद्यालय की 20 कैडेट 'C' Certificate के लिए और 14 कैडेट 'B' Certificate के लिए परीक्षा देगी। महाविद्यालय की कैडेटस हर वर्ष 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को उप–मण्डल स्तर पर होने वाली परेड में भाग लेती हैं।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँः–

29–30 जनवरी 2021 को राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में प्रतिभा खोज समारोह 'इन्द्रधनुष' का सफल आयोजन किया गया। इस समारोह में भाषण, कविता पाठ, श्लोकोच्चारण, एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 25 सितम्बर 2020 को महाविद्यालय ने ऑनलाईन **रंगोली** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 26 दिसम्बर 2020 को महाविद्यालय ने ऑनलाईन **बैस्ट आउट आफ वेस्ट** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## हिन्दी साहित्य परिषदः

हिन्दी भाषा परिषद में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिनांक 04.08.2020 को महाविद्यालय स्तरीय ऑनलाईन हिन्दी भाषा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 202 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। दिनांक 14.09.2020 को राज्यस्तरीय कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। दिनांक 30.10.2020 को महाविद्यालय स्तरीय कविता/कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय त्यौहारों का बदलता स्वरूप, महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध आदि रखे गए। दिनांक 10.01.2021 को महाविद्यालय स्तरीय हिन्दी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 81 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

## अंग्रेजी साहित्य परिषदः

इन्चार्ज श्री अमरीश अत्री की देख–रेख में अंग्रेजी साहित्य परिषद में समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस सत्र में दिनांक 18.01.2021 को Paper Reading Competition & Essay Writing Competition का आयोजन किया गया। दिनांक 09.02.2021 को English Slogan

लेती है। 26 जनवरी 2021 को गोहाना के ताउ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड में NCC की कैडेटस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## महिला प्रकोष्ठ :

राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सत्र 2020–21 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रकोष्ठ की इंचार्ज ज्योति चहल के नेतृत्व में किया गया। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:–

- दिनांक 25.08.2020 Your Response to Covid-19 नामक विषय पर ऑनलाईन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।
- दिनांक 15.12.2020 को एक दिवसीय 'आर्ट एण्ड क्राफ्ट' विषय पर वर्कशोप करवाई गई।
- दिनांक 01.02.2021 को शिक्षित नारी सक्षम समाज पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता करवाई गई।
- दिनांक 18.01.2021 से 27.01.2021 तक Self Defence Training आयोजित की गई।

## रैडक्रॉस एवं प्राथमिक चिकित्सा :

महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए एक रैडक्रॉस एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रकोष्ठ की व्यवस्था की गई है जो की श्रीमती नमिता, सहायक प्राध्यापिका (वाणिज्य विभाग) की देखरेख में कार्यरत है। इस प्रकोष्ठ ने दिनांक 10.08. 2020 को अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस पर ऑनलाईन क्वीज प्रतियागिता करवाई गई। दिनांक 16.08.2020 को Mask Painting and Designing Competition करवाया गया। दिनांक 01.102020 को Anti Drug Day के अवसर पर पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 13.01.2021 को Role of Youth in National Building पर व्याख्यान करवाया गया।

## Placement Cell :

कोविड महामारी के कारण Placement Fair नहीं हो पाया फिर भी छात्राओं को प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रेरित करते रहे। इस समय महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार करने के लिए कुल 600 पुस्तके उपलब्ध हैं। महाविद्यालय के प्लैसमैंट विभाग श्री नवीन, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग की देख–रेख में अच्छा कार्य कर रहा है।

## कष्ट निवारण प्रकोष्ठ :

महाविद्यालय में समय समय पर विद्यार्थियों को आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए कष्ट निवारण प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्यरत हैं। श्रीमती बिमला पूनियां जी के निर्देशन में यह प्रकोष्ठ अच्छा कार्य कर रहा है।

## महाविद्यालय पत्रिका :

विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा को विकसित व प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक पत्रिका "भैरवी" का प्रकाशन होता है। जिसमें छात्र–छात्राऍ कविता, कहानियॉ, प्रेरक प्रसंग व ज्ञानवर्द्धक सामग्री देते हैं। पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ0 चांद सिंह मोर हैं। अंग्रेजी खंड के संपादक श्री मुकेश कुमार, हिन्दी खंड की संपादिका श्रीमती पिंकी दहिया, संस्कृत खण्ड के संपादक डॉ0 सरिता लाकड़ा, वाणिज्य खंड के संपादक श्री नवीन कुमार एवं विज्ञान खंड के संपादक श्री विकास मलिक हैं व कला खंड के संपादक श्री दिनेश कुमार हैं।

## विधि साक्षरता प्रकोष्ठ :

हरियाणा राज्य विधि सेवा प्राधिकरण एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सौजन्य से हमारे महाविद्यालय में विधि साक्षरता प्रकोष्ठ (Legal Literacy Cell) स्थापित है। इस सत्र में इस प्रकोष्ठ ने छात्राओं को अपने अधिकारों की जानकारी तथा भविष्य में आने वाली बाधाओं का कानूनी निपटारण संबंधी मार्गदर्शन किया। इसमें महाविद्यालय स्तर के साथ–साथ जिला स्तर के प्रोग्राम के लिए राजकीय महाविद्यालय गोहाना को चुना गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 12.01.2021 को राजकीय महिला

महाविद्यालय, गोहाना में महाविद्यालय स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम (College Level Legal Literacy Programme) के अन्तर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विधि साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक श्रीमती नेहा, वाणिज्य विभाग है।

## पूर्व विद्यार्थी परिषद :

महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों का महाविद्यालय से भावनात्मक संबंध बनाये रखने के लिए श्री शमशेर भंडेरी जी की देख–रेख में एक परिषद गठित है। हमारी यह पूर्व विद्यार्थी परिषद Registered है जिसका Registration No. 01797 है। यह परिषद पूर्व विद्यार्थियों के सम्पर्क में रहती है। भारतीय संस्कृति की गुरू–शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करने में इस परिषद् का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

## पढाई के साथ कमाई (Earn While You Learn) :

हरियाणा सरकार द्वारा Earn While You Learn Scheme के अन्तर्गत इस सत्र में 1,00,000 रूपए प्राप्त हुए है। छात्राओं में शिक्षा के साथ–साथ कार्य भावना जागृत करने के लिए महाविद्यालय के 50 छात्राओं का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया गया। ये छात्राएं महाविद्यालय के कार्यालय, पुस्तकालय एवं विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं में कार्य कर रही है। इस स्कीम की इंचार्ज श्रीमती प्रियंका मलिक, वाणिज्य विभाग है।

## छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता :

इस वर्ष हरियाणा सरकार द्वारा महाविद्यालय के अनेक छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियाँ प्रदान की गई। जिनका वर्णन इस प्रकार है:–

1. स्टेट मैरिट स्कॉलरशिप – 18
2. हरियाणा स्टेट मैरिटोरियस इन्सेन्टिव स्कॉलरशिप – 10
3. एस0 सी0 छात्रवृति – 311
4. स्वन्तत्रता सेनानी की तीसरी पीढ़ी के लिए छात्रवृति – 1

## Sexual Harassment at Workplace:

महाविद्यालय में महिला कर्मचारियों व विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए एक कमेटी गठित की गई है जिसकी संयोजिका श्रीमती बिमला पुनिया जी हैं।

## RTI :

महाविद्यालय में RTI Act 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए Information Officer श्रीमती बिमला पुनिया है 1st Appellate अधिकारी मेजर दिनेश सहारण, प्राचार्य हैं।

## Passport :

श्री रवीत कुमार सहायक प्रोफैसर रसायन विज्ञान पासपोर्ट कमेटी के इंचार्ज हैं इनकी देख–रेख में 350 छात्राओं के पासपोर्ट बनने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिस पर सरकार द्वारा जारी बजट 5,25,000 रूपए खर्च हो चुके है।

## IQAC Cell:-

महाविद्यालय में यू0 जी0 सी0 के नियमानुसार अपना कार्य पूरी मेहनत के साथ कर रहा है। श्री अमरीश अत्री, एसोसिएट प्रोफैसर, अंग्रेजी विभाग इसके इंचार्ज है। IQAC के NAAC टीम ने 21 जुलाई 2020 को निदेशालय द्वारा आयोजित FDP में प्रतिभागिता की। IQAC कमेटी द्वारा श्री मुकेश कुमार, प्राध्यापक अंग्रेजी की एसोसिएट प्रोफैसर के लिए Screening की गई। श्री मंजीत कुमार, कम्प्यूटर साईसने महाविद्यालय के Faculty Members को Google Class Room, Google Meet, Zoom App पर Online Classes लेने की Training दी। IQAC के सभी सदस्यों ने NAAC की एक सप्ताह की Online Training 27 अगस्त से 2 सितम्बर 2020 Aggarwal College, Ballabgarh से ली। NAAC की कार्यवाही को लेकर श्री गुलशन तनेजा, रजिस्ट्रार, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक ने महाविद्यालय में व्याख्यान दिया। महाविद्यालय का NAAC का Inspection 2022 में प्लान किया गया है। प्राचार्य व NAAC टीम ने MDSD College, Ambala से एक दिन की NAAC की Training ली। MDSD College NAAC की टीम का Mentor College है।

मैंटर ग्रुपः

डॉ0 संदीप कुमार, सहायक प्रोफैसर अंग्रेजी विभाग की देख–रेख में मैंटर ग्रुप बनाए गए है हर महिने के दूसरे एवं चौथे शनिवार को छात्राओं की कक्षाएं लगाई जाती है तथा उनसे महाविद्यालय से संबंधित समस्याएं पूछी जाती है। उनके निवारण हेतू आवश्यक कार्यवाही भी की जाती है।

महाविद्यालय की उपलब्धियाँ :

- महाविद्यालय में हर वर्ष 26 जनवरी व 15 अगस्त के दिन क्रमशः गणतन्त्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है जिसमें सभी प्राध्यापक, कर्मचारीं, छात्राएं भाग लेती है।
- 5 अगस्त 2020 को माननीय मुख्यमंत्री ने गांव बरोदा व भैसंवाल कलां में राजकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा की जिसके प्रबन्धन की सारी जिम्मेदारी राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना को सोपी गई, महाविद्यालय ने यह जिम्मेदारी बखुबी निभाई। महाविद्यालय को इस उपलब्धि पर गर्व है।
- 20 लाख की अनुदान राशि महाविद्यालय की Girls Wing की मरम्मत के लिए दी गई है जिसका कार्य [redacted] शुरू हो चुका है।
- महाविद्यालय की अपनी वैबसाईट www.gcwgohana.ac.in है जिस पर महाविद्यालय की सभी गतिविधियाँ उपलब्ध है।
- महाविद्यालय का अपना फेसबुक पेज gcwgohana के नाम से है।
- महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के YouTube पर Digital Mode में Lecture उपलब्ध है।

शिक्षकों की उपलब्धियाँ :

महाविद्यालय के सहायक एवं सह–प्राध्यापक समय–समय पर अपना ज्ञान वर्धन हेतु पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, शोध–संगोष्ठी, कार्यशाला आदि में प्रशिक्षण लेते

रहते हैं। इस सत्र में जिन सहायक एवं सह–प्राध्यापकों ने उपलब्धियॉं प्राप्त की वे इस प्रकार हैं :

**Sh. Ambrish Attri, English**

| SN | Date | Name of Topic |
|---|---|---|
| 1 | 21.07.2020 | Online Seminar on NAAC organised by D.G.H.E. |
| 2 | 26.08.2020 | Attended a training on finance organised by HIPA Gurugram |
| 3 | 27.08.2020 to 02.09.2020 | One week FDP on NAAC organised by Aggarwal College Ballabgarh |
| 4 | 14.09.2020 | Set two Papers of M.A Integrated English on Essays and literature BPSMV, Khanpur Kalan |
| 5 | 25.09.2020 | National Webinar on Leasing envirnment organised by M.D.S.D College Ambala |
| 6 | 22.12.2020 | Started Value Added Course on Public Speaking (30 hrs. duration) awarded by DGHE |
| 7 | 12.01.2021 | Subject Expert for Evaluating HTET PGT Question Paper and options in English |
| 8 | 18.01.2021 | Online training for NEP-2020 organised by DGHE |

**Dr. Jyoti Chahal, Commerce**

- Completed Short-term online program on "Virtual Workshop on using Information Technology in Financial Functions", conducted by Haryana Institute of Public Administration, Gurugram from 05-07, August 2020
- Completed Seven Day Workshop from UGC HRDC, B.P.S. Khanpur Kalan on "Research Methodology" from 4th Jan. 2021 to 10th Jan. 2021
- Participated in One Day online National workshop on "Self Study Report (SSR) preparation for NAAC criteria 1&2" organized by IQAC & NAAC of Govt. College, Chhachhrauli (Yamunanagar) on 10th Feb. 2021.

**Dr. Rajesh Kumar, Chemistry**

- Supervising two Ph. D. Scholars
- Published three research papers in International Journals
- Published three books (Physical Chemistry and Group theory) for B.Sc./ M.Sc./ CSIR-NET/JRF students
- Attended seven days Faculty development Program

- Appointed as Nodal officer by DHE for development of e- Content in Chemistry
- Created e- Content telecasted on EDUSAT

**Ms. Parveen Rathee Hindi**

- Two days FDP on "E -content development organized by Sanatan Dharma College, Ambala, 14-15 December, 2020. (online)
- Five days FDP on "Research Methodology Scientific Tools" Govt. College Satnali Mahendergarh (9-13 September, 2020)
- Participation international seminar organize by Hansraj College University of Delhi, topic – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय भाषाएं
- Orientation Programme completed from Ramanujan College University of Delhi form 26th June 2020 to 24th July 2020.

**Sh. Sandeep Kumar, Commerce**

- Completed Refresher Course form G.J.U, Hissar form 30.11.2020 to 12.12.2020
- Attended many National level Webinar

**Ms. Pinki Rani, Hindi**

- 4 week induction /orientation programme from Ramanujan College University of Delhi (June 26- July 24, 2020)
- Research Paper published in Sambodhi Journal Title – महादेवी के काव्य में प्रेम का वर्गीकरण व प्रेमभाव का चित्रण।
- Two days FDP on "E – Content Development" Organized by Sanatan Dharma College, Ambala from 14-15 December, 2020 (online)
- Five days FDP on "Research methodology and scientific Tools" Govt. College Satnali, Mahendargarh (9-13 September, 2020)
- Participation International Seminar Organized by Hansraj College University of Delhi, Topic- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय भाषाएं

**Ms. Kirti Khatri, Hindi**

- Ph.D degree awarded from Shri Venkateshwara University
- Research paper on नागार्जुन: एक जनकवि Titled published on UGC care journal 'Sambodhi" ISSN: 2249-6661 Peer Review and Referred Journal
- Orientation Programme completed from Ramanujan College University of Delhi from 26th June 2020 to 24th July 2020
- 5 Days FDP Completed on Research Methodology and Scientific Tools held on September 09-13, 2020 at Govt. College, Satnali.
- 2 days FDP done on Topic E-content Development on December 14-15, 2020 form DHE Haryana
- Webinar on Hindi Topic वर्तमान के संदर्भ में संत काव्य की प्रासंगिकता on 11.08.2020 by LN Hindu Collage Rohtak
- Webinar on Topic 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय भाषाएं' on 19.09.2020 by Hansraj College, University of Delhi

**Sh. Arun Kumar, Computer Science**

- Attended many webinar
- Attended Two, Five days faculty development programme
- Attended One, Two days faculty development programme
- Presented One research paper in IEEE conference,
- Act as a session chair in IEEE conference.

**Sh. Ravit Kumar, Chemistry**

- Attended One week faculty development programme
- Organised Online Chemistry quiz competition on 01 Aug, 2020, 230 Students Participated

**Sh. Manjeet Kumar, Computer Science**

- Successfully completed, Orientation Programme from June 04 to July 01,2020
- Attended two days faculty development programme

- Organised Two days IEEE International confernce on dated 18-19 December, 2020
- Published, IEEE International conference proceedings book as editor
- Organised two days IEEE International conference dated 19-20 February 2021 In Collaboration with Sharda University, Greater Noida
- Participated one day National workshop on self study report

**Dr. Sandeep Chopra, English**

- Attended one day online national workshop on self study report on 10th February, 2021
- Attended national seminar on Trends and Movements in Modern British Poetry on 9th January 2021
- Attended International Webinar on Yoga organised by Shri Krishan Ayush University, KUK

**Sh. Laxman, Mathematics**

- Attended National Webinar on Recent Trends and Application of Fixed Point Theory on 19 June, 2020
- Attended Two days faculty development programme on 3-4 July, 2020
- Attended National Webinar on "Mathematics and Its Applications" on 08 July, 2020
- Compeleted online Refresher Course on "Mathematics and Statistics" from 23 Oct. 2020 to 06 Nov. 2020

**Dr. Amit Kaushik, Zoology**

- Completed the Faculty Induction Programme from BPSMV Khanpur Kalan from 28 December 2020 to 26 January 2021
- Attended the many Webinar

**Sh. Virender, Geography**

- Attended International webinar on "Redrawing the Domestic Paradigm : Family Bonding, Gender concerns & Health Issues amidst COVID-19" organized by PGGC-11, Chandigarh on 16-17 July 2020

- Attended National Webinar titled "Vartmaan Paristhitiyo Me Bharteey Pariwar Vyawastha Ka Mahatv- Ek Chintan" on June 16th 2020 organized by Centre For Indic Asian Studies (CIAS), BPS Mahila Vishwavidyalaya , Khanpur Kalan (Sonipat) Haryana
- Attended International seminar on "Women Empowerment: Taboos, Hurdles, Unconscious Bias & Inclusivity" at T.D.L.G.C.W. Murthal & D.H.E. Haryana on 17-18 Feb. 2020
- Organized "Online National Inter-college Essay Writing Competition on Lockdown Impacts on Environment/ Economy/ Labors/ Society and Personal Relations", Last date:15-May 2020, Results: 20 May 2020 as a convener
- Organized "Online Quiz Competition" through online platform of google form on 23-06-2020 (Total 574 Registered Participants)
- Organized "Online Geography Quiz Competition" through online platform www.quizizz.com, on 22/07/2020 (Total 59 Participants) https://quizizz.com/admin/reports
- Organized "Online Geography Quiz Competition" through online platform www.quizizz.com, on 23/07/2020 (Total 371 Participants) https://quizizz.com/admin/reports
- Organized "Online Geography Quiz Competition" through online platform www.quizizz.com, on 26/07/2020 at 3PM (Total 115 Participants) https://quizizz.com/admin/reports
- Attended two week online Faculty Development Programme (FDP) on "Earth, Environment and Space Sciences for Mankind" organized by the Department of Geography of Chaudhary Bansi Lal University from 21 May-30 May 2020.
- Attended two days online Faculty Development Programme (FDP) in collaboration with Directorate of Higher Education, Haryana (Memo No. DHE-020013/2/2020- DD1-DHE) organized Two Days Online Faculty Development Program on "E-Content Development" Under UGC Scheme of "PARAMARSH" for mentoring NAAC Accreditation

Aspirant Institutions to promote Quality Assurance in Higher Education from July 8, 2020 to July 9, 2020

**Ms. Kiran, Mathematics**

| SN | Event | Topic | Date |
|---|---|---|---|
| 1 | National webinar | Mathematics and its application | 08.07.2020 |
| 2 | National webinar | Relevance of human values | 05.07.2020 |
| 3 | National webinar | Application of Mathematics | 01.08.2020 |
| 4 | National webinar | Repeal of auricle 370 | 05.08.2020 |
| 5 | National webinar | New dimension in irregular grapes | 20.08.2020 |
| 6 | National webinar | New Education Policy | 27.09.2020 |
| 7 | International webinar | Mental Health and You | 18.07.2020 |
| 8 | Two days FDP | E-content development | 3,4 July 2020 |
| 9 | 1 Week FDP | Attended | 23-29 Aug 2020 |
| 10 | 7 days FDP | Faculty development programme | 27 Aug – 2 Sep 2020 |
| 11 | E-Talk | Ergobic Correspandence and Combinatorics | 05.11.2020 |
| 12 | National webinar | Concept of white LED | 23.10.2020 |
| 13 | International webinar | on Mathematics | 11.11. 2020 |
| 14 | National webinar | Attended | 20.10. 2020 |
| 15 | 5 daysNational webinar | Attended | 20-24 Dec 2020 |
| 16 | International webinar | Mathematical Models | 9 -11 Nov 2020 |

आभार :

इसके अतिरिक्त मैं आज के इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, सभी छायाकार, पत्रकार बन्धुओं एवं गोहाना के नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जिन्होंनें यहॉ पधार कर हमें धन्य किया।

धन्यवाद!

मेजर दिनेश सहारण

प्राचार्य

राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना (सोनीपत)